Regarding problem linked to the construction of Amroha-Relcha border railway bridge

श्री कंवर सिंह तंवर **(अमरोहा) :** धन्यवाद सभापति महोदया । मैं सदन के माध्यम से अपने लोक सभा क्षेत्र अमरोहा की एक अति आवश्यक समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । यह समस्या अमरोहा-तेलचा बॉर्डर रेलवे ब्रिज के निर्माण कार्य से जुड़ी हुई है ।

महोदया, इस रेलवे ब्रिज का वर्ष 2017-18 में सर्वे हुआ था । यह परियोजना क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है । मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस परियोजना को प्राथमिकता दी जाए और इसके निर्माण कार्य को जल्द से जल्द आरंभ किया जाए ।